Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 17-08-2006

Participants : Gehlot Shri Thawar Chand

>

Title : Need for four-laning of NH-3 between Gwalior and Dewas.

श्री थावरचंद गेहलोत (शाजापुर) : महोदय, राट्रीय राजमार्ग क्रमांक 3, जो आगरा-मुम्बई मार्ग के नाम से जाना जाता है, उस पर वाहनों के आवागमन का घनत्व अत्यधिक है। यह मार्ग वर्तमान में ग्वालियर से देवास के बीच चार लेन का नहीं होने से वाहनों को आने जाने में अत्यधिक कठिनाइयां होती हैं। मार्ग के संकरा होने के कारण दुर्घटनाएं भी अधिक होती हैं। कारणवश जनहानि और धनहानि होती है। इसी मार्ग पर शाजापुर शहर के लिए बायपास और लखुन्दर नदी पर दो पुल बनाने और मक्सी स्थित रेलवे लाईन पर ओवर ब्रिज निर्माण और ग्वालियर से देवास के बीच इस राट्रीय राजमार्ग को चार लेन का बनाने हेतु भी सैद्धांतिक सहमति हो कर स्वीकृति दी गई है, किंतु लम्बे समय के बाद भी ये काम प्रारम्भ नहीं हो पाए हैं। इससे क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने हेतु सरकार शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करे।